ई-मेल

म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,

26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/मार्केटिंग/2022/52/ 129 भोपाल, दिनांक 3/05/2023

प्रति ,

1. संयुक/उपसंचालक
   म.प्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड
   आंचलिक कार्यालय ....(समस्त)।

2. सचिव
   कृषि उपज मण्डी समिति
   ....जिला..............(समस्त)।

विषय: अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 अंतर्गत माह मई 2023 में मिलेट के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न गतिविधियों के आयोजन बावत्।

सन्दर्भ:- आयुक्त सह संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र. भोपाल का पत्र क्र./एन.एफ.एस.एम./मि.मि./IYOM/2023/55 भोपाल, दिनांक 26/04/2023

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 अंतर्गत भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश राज्य को मिलेट्स के प्रचार-प्रसार हेतु व्यापक स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन किए जाने हेतु माह मई 2023 आवंटित किया गया है। जिसके तारतम्य में संधार्भित पत्र द्वारा मिलेट के प्रचार-प्रसार हेतु समस्त मण्डियों में मिलेट बैनर एवं पोस्टर का प्रदर्शन कराये जाने का लेख किया गया है।

उक्त हेतु समस्त मंडी समितियो को निर्देशित किया जाता है कि आपके अंचल के कृषि विभाग के कार्यालय से समन्वय स्थापित कर बैनर एवं पोस्टर का फॉर्मेट प्राप्त कर मिलेट्स के प्रचार-प्रसार हेतु बैनर एवं पोस्टर का प्रदर्शन मंडी समिति के प्रमुख स्थान पर करें।

संलग्न:- उपरोक्तानुसार।

(गौतम सिंह) आई.ए.एस
अपर संचालक(मार्केटिंग)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/मार्केटिंग/2022/52/ 130 भोपाल, दिनांक 3 /05/2023

प्रतिलिपि:-

1. आयुक्त सह संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र. भोपाल की ओर प्रेषित कर अनुरोध है कि कृपया आपके अधीनस्थ संभागीय/जिला कार्यालयों को मंडियो को बैनर एवं पोस्टर का फॉर्मेट उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करना चाहेंगे।

अपर संचालक(मार्केटिंग)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल